Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- राजगढ जिला चूरु नगर पालिका में वरिष्ठ सहायक 1,90,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जयपुर, दिनांक 17 सितम्बर, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए. सी.बी. चौकी झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी राकेश धायल, वरिष्ठ सहायक, नगर पालिका राजगढ, जिला चूरु को **1,90,000/- रूपये** रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने नगर पालिका राजगढ़ में खाली भूखण्ड भूमि के कन्वर्जन हेतु पत्रावली जमा करवाई थी। राकेश घायल वरिष्ठ सहायक प्रभारी भूमि शाखा परिवादी की भूमि कन्वर्जन फीस के अलावा तीन लाख रुपये की मांग कर परेशान कर रहा था। प्राप्त शिकायत पर दिनांक 16.09.2025 गोपनीय रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान आरोपी राकेश धायल वरिष्ठ सहायक प्रभारी भूमि शाखा द्वारा पवन मुदरल, नक्शा नवीस से मिलीभगत कर परिवादी से 96,500/- रुपये कन्वर्जन फीस एवं एक लाख रुपये रिश्वत की मांग करना पाया पाया गया। रिश्वत मांग के अनुसरण में ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर परिवादी से आरोपी राकेश घायल, वरिष्ठ सहायक, प्रभारी भूमि शाखा नगर पालिका राजगढ द्वारा रिश्वती राशि ग्रहण कर अपनी कार्यालय टेबल पर रखी जहा से 1,90,000/- रुपये रिश्वत बरामद हो चुके है। मौके पर अग्रीम कार्यवाही जारी है।

ए.सी.बी. जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झुंझुनूं के **उप अधीक्षक पुलिस श्री शब्बीर खान** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही जारी है।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।